## महत्वपूर्ण एवं खास



### जिला पंचायत सदस्य निर्वाचन में बलवंत तिग्गा हुए निर्वाचित

**रायगढ़।** पंचायत निर्वाचनों के अंतर्गत जिला पंचायत रायगढ़ के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 25 के लिए हुए उप निर्वाचन में जिला पंचायत सदस्य के रूप में बलवंत तिग्गा निर्वाचित हुए। 20 जनवरी को हुए मतदान के पश्चात 24 जनवरी को परिणामों की अधिकारिक घोषणा की गई। जिसके पश्चात कलेक्टर भीम सिंह ने बलवंत तिग्गा को निर्वाचन प्रमाण-पत्र प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत रायगढ़ के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 25 के सदस्य के उप निर्वाचन में तीन अभ्यर्थी शामिल थे। जिनमें बलवंत तिग्गा को 7333, नृपलाल राठिया को 7242 व स्वराज रोहिणी प्रताप सिंह राठिया को 4781 मत मिले।

### प्रदेश में कोरोना संक्रमण दर 14 फीसदी पार, रविवार को मिले 3841 मरीज

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश में कोरोना पॉजिटिव मरीजों के मिलने का प्रतिशत पिछले चार दिनों से लगातार बढ़ रहा है। शनिवार को जहां कोरोना पॉजिटिविटी दर 11.76 थी, जो रविवार को बढ़कर 14.03 प्रतिशत पहुंच गया। प्रदेश में रविवार को 3841 मरीज मिले। इसके अलावा 11 मरीजों की कोरोना से मौत भी हो गई। जिसमें रायपुर से 5, दुर्ग से 2, बेमेतरा, बिलासपुर, जांजगीर चांपा और बस्तर में एक-एक मरीज की मौत हुई है। वहीं अस्पताल में ठीक होने वाले मरीजों की संख्या 96 है, जबकि होम आइसोलेशन मे रहकर इलाज ले रहे 2925 मरीज ठीक हुए। रविवार को प्रदेश में सबसे अधिक मरीज रायपुर जिले में 1018, दुर्ग में 790, बिलासपुर में 250, रायगढ़ में 291, जांजगीर-चांपा में 117, जशपुर में 164, बस्तर में 239 और राजनांदगांव में 142 मरीज मिले।

### पीजी सीटों पर प्रवेश के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग ने जारी की मेरिट सूची

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश की पांच सरकारी और दो निजी मेडिकल कॉलेजों में वर्ष 2021-22 के लिए पीजी सीटों पर प्रवेश के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग ने मेरिट सूची जारी कर दी है। जारी मेरिट सूची के अनुसार संबंधित अभ्यर्थियों को ऑल इंडिया कोटे वाले को 4 फरवरी और स्टेट कोटे वाले को 7 फरवरी तक संबंधित कॉलेजों प्रवेश लेना है। यदि किसी अभ्यर्थी ने उक्त तिथि में प्रवेश नहीं लिया तो वे कांउसिलिंग से बाहर हो जाएगा। इसके बाद बची सीटों पर प्रवेश देने के लिए डीएमई ने दूसरे चरण की काउंसिलिंग 9 से 18 फरवरी के बीच शुरू की जाएगी।

### व्यापमं की परीक्षा में 7217 परीक्षार्थी रहे गैरहाजिर

**रायपुर/दुर्ग (आरएनएस)।** व्यवसायिक परीक्षा मंडल की रविवार को आयोजित परीक्षा में पहली पाली में 33870 परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि 6109 लोग परीक्षा में शामिल नहीं हुए। दूसरी पाली में 2464 परीक्षार्थी शामिल हुए, वहीं 1108 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। इस प्रकार कुल 7217 परीक्षार्थी परीक्षा में गैरहाजिर रहे।

# शासन की योजनाओं से मिल रहा कृषि को प्रोत्साहन

## राजीव गांधी किसान न्याय योजना का लाभ लेकर गुप्ता अपना रहे फसल विविधिकरण



**रायगढ़।** किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई शासन की राजीव गांधी किसान न्याय योजना राज्य के किसानों में कृषि के लिए नई ऊर्जा प्रदान कर रही है। छत्तीसगढ़ में अब किसान धान के साथ अन्य फसलों को भी प्राथमिकता दे रहे है। इसका मुख्य कारण शासन की राजीव गांधी किसान न्याय योजना है, जिसके तहत धान के बदले दलहन, तिलहन, वृक्षारोपण जैसे अन्य फसलों के रकबे में विस्तार के साथ किसानों को दी जाने वाली आदान राशि है। इससे किसानों को अपने फसल का दाम भी मिल रहा है और सरकार से आदान राशि भी। रसायनिक खाद से किसानों की निर्भरता कम करने में शासन की गोधन न्याय योजना भी महती भूमिका निभा रही है। जिससे किसान अब जैविक कृषि की ओर अग्रसर हो रहे है।

शासन द्वारा प्रारंभ की गई योजनाओं से कृषि क्षेत्र किस तरह फलीभूत हो रही है, इसका बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया है विकासखंड पुसौर अन्तर्गत ग्राम सराईपाली निवासी 70 वर्षीय सफेद गुप्ता ने। उम्र के इस पड़ाव में कृषि के लिए यह उर्जा शासन की योजनाओं के फलस्वरूप मिला। गुप्ता के पास 4.800 हेक्टेयर सिंचित भूमि है, जिसमें वे 1980 से कृषि कार्य है। पूर्व में संपूर्ण रकबे में धान की फसल ली जाती थी। समय के साथ गुप्ता द्वारा अन्य फसलों को भी प्राथमिकता देना प्रारंभ किया। इस तरह उन्होंने दलहन, तिलहन और बागबानी फसलों को प्राथमिकता से उत्पादन किया। वर्ष 2021-22 खरीफ सीजन में राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत उन्होंने 1.500 हेक्टेयर में अरहर की फसल वर्मी कम्पोस्ट के साथ जैविक कृषि किए। जिससे लागत घट गयी और मुनाफा बढ़ा और उन्हें 20 लाख रूपए प्राप्त हुए। गुप्ता कहते है यह रकम उनके उम्मीद से अधिक थी। इसके अलावा उन्होंने खेतो में सिंचाई के लिए कृषि विभाग की नलकुप खनन योजना का लाभ लिया है। जिसमें ड्रिप सिंचाई का उपयोग कर सिंचाई करते है। शासन की गोधन न्याय योजना का लाभ गुप्ता को मिल रहा है। गुप्ता को कृषि से संबंधित तकनीकी एवं फसलों के उन्नत किस्मों की जानकारी में अत्याधिक रूचि है। जिसके लिए वे रेडियो व टेलीविजन के साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते है। जिससे उन्हें उन्नत कृषि करने सहायता मिलने से अधिक लाभ प्राप्त करते है। इससे गुप्ता की सामाजिक, आर्थिक स्थिति में निरंतर वृद्धि हो रही है।

### जैविक कृषि है पहली प्राथमिकता, किसानों को कर रहे प्रोत्साहित

श्री गुप्ता कहते है उनकी पहली प्राथमिकता जैविक कृषि है। जैविक कृषि के फलस्वरूप लागत कम हो जाती है और लाभ अधिक मिलता है। गुप्ता द्वारा अन्य किसानों को भी जैविक खाद व जैविक कीटनाशक, उन्नत कृषि यंत्रों के साथ कृषि के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिससे अन्य किसानों को भी लाभ उसका लाभ मिल सके।

# 10 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ पकड़ा गया आरोपी

**» आरोपी मोपेड़ पर कर रहा था शराब का परिवहन, ग्राम बोदा के पास रेड कार्रवाई में पकड़ाया**

**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर थाना प्रभारी सरिया उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल के नेतृत्व में अवैध शराब के क्रम में आज दिनांक 24.01.2022 को ससरिया पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर ग्राम बोन्दा के तालाब किनारे शराब रेड कार्रवाई किया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम भीखमपुरा का अभय कुमार सिदार ग्राम बोन्दा से अपने ञड्रक्स सुपर एक्सल में शराब लेकर बिक्री हेतु अपने गांव भीखमपुरा तरफ लेकर आ रहा है। सूचना पर पुलिस टीम गवाहों को साथ लेकर मुखबीर के बताये जगह पर घेराबंदी किया गया। दोपहर करीब 13.00 बजे एक व्यक्ति टीवीएस एक्सल में आते दिखा जिसे पुलिस स्टाफ रोककर पुछताछ करने पर अपना नाम अभय कुमार सिदार पिता भोलू सिदार उम्र 23 वर्ष सा0 भीखमपुरा थाना सरिया का होना बताया जिसके पास रखे सफेद रंग के जरिकेन में 10 लीटर महुआ शराब पाया गया, आरोपी अवैध शराब गांव में बिक्री करने लेकर आना बताया। आरोपी अभया कुमार सिदार पर धारा 34(2)59(क) आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर आरोपी से अवैध महुआ शराब 10 लीटर कीमती 2000 रूपये एवं मोपेड टीवीएस एक्सल सुपर एचडी क्रमांक सीजी 13-यूएफ-7975 की जप्ती कर आरोपी को न्यायायिक रिमांड पर सीजीएम कोर्ट रायगढ़ भेजा गया है। शराब रेड कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक के.के. पटेल, प्रधान आरक्षक अर्जुन पटेल, आरक्षक रामजीलाल सारथी, मोहनलाल गुप्ता की अहम भूमिका रही है।

# निर्वाचन कार्यों के संपादन में रायगढ़ बना सर्वश्रेष्ठ जिला

**» कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भीम सिंह होंगे सम्मानित**

**» 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का होगा ऑनलाईन आयोजन**



**रायगढ़।** वर्ष 2021 में समग्र रूप से निर्वाचन कार्यों के संपादन में सर्वश्रेष्ठ जिला के रायगढ़ जिला को प्राप्त हुआ है। इसके लिए 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2020 के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में रायगढ़ जिले के कलेक्टर भीम सिंह को सम्मानित किया जाएगा।

जिले में पुनरीक्षण कार्यक्रम 2022 के अंतर्गत प्रदेश में सर्वाधिक फार्म प्राप्त करने तथा दावा-आपत्तियों के निराकरण के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्य हेतु जिले को उक्त सम्मान के लिए चयनित किया गया है। इन गतिविधियों के तहत रायगढ़ में इस अवधि में कुल 59 हजार 323 पुनरीक्षण फार्म प्राप्त हुए, वहीं प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समयावधि 20 दिसम्बर 2021 तक जिले के समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयों द्वारा पूर्ण कर लिया गया। प्राप्त दावा-आपत्तियों में कुल 91 प्रतिशत फार्म ऑनलाईन माध्यम से प्राप्त किए गए तथा शेष फार्म इरो नेट सॉफ्टवेयर में आपरेटर लॉगिन से प्रविष्ट किए गए। पुनरीक्षण अवधि में समस्त बूथ लेवल आफिसर द्वारा गरूड एप में सभी मतदान केन्द्रों अक्षांश देशांश, फोटो व अनिवार्य मूलभूत सुविधाएं भी अपडेट किया गया।

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 12 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन 25 जनवरी 2022 को ऑनलाईन किया जाएगा। कोविड-19 महामारी के मद्देनजर आयोजन सीमित रूप में किया जा रहा है। आयोजन का लाईव प्रसारण मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से किया जाएगा। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण 25 जनवरी 2022 को प्रातः 11:00 बजे से फेसबुक, ट्विटर एवं यूट्यूब आदि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किया जाएगा। जिसे सोशल मीडियापर देखा जा सकता है।

# लापाता नाबालिग नाबलिग बालिका ओड़िशा के डोंगरीपाली से हुई बरामद

**» बालिका को झांसा देकर ओडिशा ले जाने वाले आरोपी गिरफ्तार**

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन तथा एडिशनल एसपी लखन पटले एवं एसडीओपी सारंगढ़ प्रभात पटेल के मार्गदर्शन पर डोंगरीपाली पुलिस द्वारा गुम नाबालिग के मामले में गंभीरता से कार्रवाई करते हुए थाना में सूचना प्राप्त होने के 48 घंटे के भीतर ओडिशा के अंगुल जिले जाकर संदेही युवक का पतासाजी कर उसका पीछा करते हुए ग्राम ग्रीनजाल, थाना सोहेला जिला बरगढ़ (ओड़िशा) में संदेही को हिरासत में लिया गया। जहां नाबालिग बालिका संदेही के कब्जे में मिली, बालिका को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया है। आरोपी को पाक्सो एक्ट में गिरफ्तार किया गया है।



थाना प्रभारी डोंगरीपाली निरीक्षक जितेन्द्र एसैया के नेतृत्व में ससडोंगरीपाली पुलिस मादक पदार्थों के अवैध परिवहन पर कार्रवाई करने हर समय एक्टिव मोड़ पर रहकर सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाही कर रही है। वहीं गुम नाबालिग मामले में भी ससडोंगरीपाली पुलिस की त्वरित कार्रवाई देखने को मिली है।

जानकारी अनुसार दिनांक 21.01.2022 के शाम थाना डोंगरीपाली में बालिका के परिजन आकर रिपोर्ट दर्ज कराये कि दिनांक 18-01-22 के शाम बालिका घर से कहीं बिना बताये चली गयी है, जिसे रात भर अपने रिश्तेदारों, घर परिवार पर पता किये, उसका कहीं पता नहीं चल पाया है। रिपोर्ट पर थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र एसैया द्वारा अज्ञात आरोपी पर धारा 363 आईपीसी के तहत जुर्म दर्ज कर रात को ही विवेचना प्रारंभ कर बालिका के परिवारजनों, सहेलियों एवं परिचतों से पूछताछ कर जानकारी जुटाये। बालिका के अंगुल (ओडिशा) में संदेही युवक विष्णु भोय के साथ देखे जाने की जानकारी मिलने पर एसपी अभिषेक मीणा के निर्देशन पर थाना प्रभारी विशेष टीम गठित कर तत्काल ओड़िशा के अंगुल एवं अलग-अलग स्थानों पर रवाना किये। पुलिस टीम संदेही युवक एवं अपहृत बालिका की अंगुल में पतासाजी की गई जिनके अंगुल से फरार होकर रायगढ़-सरायपाली की ओर भागने की जानकारी पर संदेही का पीछा करते हुए पुलिस टीम द्वारा संदेही विष्णु भोय को थाना सोहेला जिला बरगढ़ (ओड़िशा) के ग्राम ग्रीनजाल पर हिरासत में लिया गया, जहां अपहृत बालिका संदेही के कब्जे में मिली। दोनों को थाना लाया गया। आज दिनांक 24/01/2022 को बालिका का महिला अधिकारी से कथन कराया गया जिसमें विष्णु भोय द्वारा शादी का प्रलोभन देकर ओड़िशा के अंगुल भगाकर ले जाना एवं जबरजस्ती शारीरिक संबंध बनाना बतायी। बालिका के मेडिकल रिपोर्ट, कथन पर प्रकरण में धारा 366, 376 आईपीसी 4, 6 पोक्सो एक्ट विस्तारित कर आरोपी विष्णु भोय पिता वकीय भोय उम्र 25 वर्ष निवासी थानाक्षेत्र डोंगरीपाली को गिरफ्तार किया गया है। बालिका को विधिवत स्वजन के सुपुर्द किया गया है। पुलिस के इस त्वरित कार्य को लेकर स्वजन ने सराहना की है। अपहृत नाबालिग बालिका की पतासाजी, आरोपी गिरफ्तारी में डोंगरीपाली पुलिस के साथ सायबर सेल की अहम भूमिका रही है।

# लोहे का कत्ता दिखाकर लोगों को डरा रहा युवक गिरफ्तार



**रायगढ़।** दिनांक 24.01.2022 को मुखबिर सूचना पर जुटमिल पुलिस द्वारा सोनुमुडा भक्तीनडीपा के पास एक युवक को धारधार कत्ता के साथ गिरफ्तार किया गया है। चौकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक उत्तम साहू को सूचना मिली थी कि मुकेश चौहान नामक व्यक्ति एक लोहे का धारदार हथियार को लेकर लहरा रहा है जिससे आने जाने वाले राहगीर काफी भयभीत है। सुचना पर तत्काल पुलिस पार्टी मौके पर पहुंचकर आरोपी मुकेश चौहान के हाथ में रखे लोहे का धारदार कत्ता का सुरक्षा पूर्वक छिनकर आरोपी को चौकी लाया गया। आरोपी मुकेश चौहान पिता मोहन चौहान उम्र 24 साल निवासी सोनुमुडा भक्तीनडीपा रायगढ चौकी जुटमिल थाना कोतवाली के कृत्य पर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट की कार्रवाई कर आरोपी को रिमांड पर भेजा गया है।

# अपर कलेक्टर व एसडीएम ने रोको और टोको अभियान टीम को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**» रोको और टोको टीम लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाने करेगी जागरूक**



**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशन एवं यूनिसेफ और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आज कलेक्टोरेट परिसर से रोको और टोको अभियान की शुरूआत की गई है। अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी एवं एसडीएम रायगढ़ युगल किशोर उर्वशा ने रोको और टोको अभियान को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जिला प्रशासन द्वारा कोरोना संक्रमण की सुरक्षा को देखते हुए चौक-चौरोहों, गार्डन एवं सार्वजनिक स्थलों में लोगों को मास्क लगाने, प्रथम, द्वितीय डोज, बुस्टर डोज लगाने एवं सोशल डिस्टेंस का पालन करवाने के लिए रोको और टोको अभियान टीम कार्य करेगी।

अपर कलेक्टर कुरूवंशी ने रोको और टोको अभियान टीम को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए बेहतर कार्य करने के लिए कहा है। रोको और टोको टीम में बालिकाओं की सहभागिता पर हर्ष जताते हुए उन्होंने बालिका दिवस की शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर डीपीएम भावना महलवार, सीपीएम डॉ.राकेश वर्मा, एनएसएस के जिला संगठक भोजराम पटेल, यूनिसेफ के डीएमसी शशांक शर्मा, यूनिसेफ तथा राष्ट्रीय सेवा योजना, स्वास्थ्य विभाग सहित के.जी.कॉलेज, पी.डी.कॉलेज रायगढ़, किशोरी मोहन त्रिपाठी महिला महाविद्यालय, उत्तम मेमोरियल कॉलेज के एनएसएस वॉलिंटियर्स एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# छाल पुलिस की कार्रवाई में चोरी की सम्पत्ति के साथ पकड़े गये चार आरोपियों को भेजा गया रिमांड पर

**» मोटरसाइकिल पर बर्तन फेरी कर बेचने की आड़ में तांबा चोरी करते थे आरोपी**

**» आरोपियों से डेढ़ क्विंटल तांबा और दो मोटर साइकिल जब्त**

**रायगढ़।** छाल पुलिस द्वारा चोरी की सम्पत्ति के साथ पकड़े गये चार आरोपियों से डेढ़ लाख रूपये से अधिक की सम्पत्ति की बरामदगी कर आरोपियों को रिमांड़ पर भेजा गया है।

दिनांक 24/01/2022 को थाना प्रभारी छाल उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार मिंज को मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम कटाईपाली(सी) में फेरी कर बर्तन सामान बिक्री के बहाने दो युवक तांबा तार चोरी कर ले जा रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी छाल हमराह उपनिरीक्षक जवाहर लाल राठौर आरक्षक हरेंद्र पाल जगत, गोविंद बनर्जी, राजेश उरांव, अमित लकड़ा के साथ ग्राम कटाईपाली(सी) पहुंचे जहां। दो युवक मोटरसाइकिल पर बर्तन फेरी करते मिले जिन्हें पूछताछ



करने पर दोनों कसेरपारा सक्ती जिला जांजगीर चाम्पा के रहने वाले एवं दोनों भाई होना बताये। एक अपना नाम गुलशन खर्रा एवं दूसरा रमेश खर्रा बताया जिनके मोटरसाइकिल व सामान की जांच करने पर मोटरसाइकिल में बर्तन समान के नीचे बोरी में भारी मात्रा में तांबा तार पाया गया। तांबा तार के संबंध में पूछताछ करने पर दोनों भाई कोई जवाब नहीं दे पाए, चोरी की सम्पत्ति होने के संदेह पर दोनों को मय माल थाना लाया गया। आरोपी गुलशन खर्रा पिता ध्रुव खर्रा उम्र 27 वर्ष निवासी कसेर पारा थाना सक्ती जिला जांजगीर चांपा से मोटरसाइकिल बजाज सिटी 100 क्रमांक सीजी 11 एवी 9240 एवं 80 किलो तांबा कीमती 48,000 तथा आरोपी रमेश खर्रा पिता ध्रुव खर्रा उम्र 30 वर्ष निवासी कसेर पारा थाना सक्ती जिला जांजगीर चांपा के कब्जे से मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स क्रमांक सीजी 11 एसी- 4477 एवं 70 किलो तांबा कीमती 42,000 रुपए का जप्त किया गया है। आरोपियों पर पृथक- पृथक धारा 41(1+4)सीआरपीसी /379 आईपीसी की कार्यवाही कर रिमांड पर भेजा गया है।

वहीं छाल पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र अन्तर्गत कुरकुट नदी पुल निर्माण में सेट्रीन एवं बेस प्लेट चोरी के अज्ञात आरोपियों को मुखबिर सूचना पर ग्राम तेंदीमुडी छोटे में पकड़ा गया आरोपी युवक कमलेश कुमार राठिया पिता विरीछ राम राठिया उम्र 26 वर्ष एवं सुखराम राठिया पिता जगेश्वर राम राठिया 37 वर्ष दोनों निवासी ग्राम तेंदीमुडी छोटे से कड़ी पूछताछ में निर्माणाधीन पुल में लगे सेट्रीन प्लेट और बेस प्लेट चोरी कर छुपाकर रखना बताएं जिनके मेमोरेंडम पर कुल 4 नग छोटा सेट्रीन प्लेट एवं 5 नग बेस प्लेट कीमती 15000 रु. का जप्त किया गया है। आरोपियों को प्रार्थी संतोष कुमार पिता अंजोरी साहू उम्र 49 वर्ष निवासी ग्राम बेहरामुड़ा थाना छाल के रिपोर्ट दर्ज अपराध क्रमांक 20/2022 धारा 379,34 आईपीसी के मामले में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480